श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज गोण्डा

रिपोर्ट

[1Pl 3/48 UP NCC COY]

एनसीसी कैडेट द्वारा किया गया रक्तदान

जीवन रक्षा के कठिन समय में रक्त की एक एक बूंद किसी के प्राणों की रक्षा कर सकती है और विपरीत परिस्थिति में समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों हेतु एनसीसी कैडेट सदैव तत्पर रहते हैं। सामुदायिक विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु कैडेट अंदर सहयोग, साहचर्य, उत्साह आदि की भावनाओं का रोपण, प्रशिक्षण के दौरान किया जाता है और इसी प्रशिक्षण को सार्थक बनाते हुए बेहतर सहयोग की भावना का परिचय महाविद्यालय एनसीसी इकाई के कैडेट अभय सिंह के द्वारा प्रस्तुत किया गया।

बात 20 फरवरी 2024 के प्रातः की है, कि महाविद्यालय के एक शिक्षक सुधीर कुमार तिवारी के पिताजी की तबियत अचानक खराब हो गई। चिकित्सक ने A+ रक्त समूह के एक यूनिट रक्त की तत्काल आवश्यकता बताई। जिला ब्लड बैंक में उपलब्धता के अभाव में रक्त मिलना मुश्किल था।

एनसीसी केयरटेकर होने के नाते सुधीर सर न मुझसे सम्पर्क किया और कैडेटों से इस बारे में मदद की अपेक्षा की। सूचना मिलते ही कैडेट अभय सिंह ने A+ रक्त समूह होने की सूचना दी और सहर्ष मानव सेवा के इस कार्य हेतु 30 मिनट के भीतर स्वयं प्रस्तुत होकर रक्तदान किया।

एनसीसी कैडेट के इस अतुलनीय योगदान के लिए प्राचार्य महोदय प्रो रवीन्द्र कुमार, प्रो जितेंद्र सिंह, डा पुष्यमित्र मिश्र, श्री सुधीर कुमार तिवारी आदि सभी ने कैडेट अभय सिंह को धन्यवाद ज्ञापित किया और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

जय हिन्द।

-डॉ. अमित कुमार शुक्ल
केयर टेकर
एन.सी.सी. उप-इकाई

SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE GONDA · IQAC

PRINCIPAL
SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE
GONDA (UP)

GIVE A HAND
BLOOD DONOR FORM
B.P INSTRUMENT & THERMOMETER
Shot on OnePlus